21 पूँछ हिलाने वाला भेड़िया

एक भेड़िया गड्ढे में गिर पड़ा। उसने बहुत कोशिश की पर गड्ढे से बाहर नहीं निकल सका।

उधर से एक मेमना आ रहा था। भेड़िये ने उससे गिड़गिड़ाकर कहा, "दोस्त, मुझे ऊपर निकालो।"

मेमने ने पूछा, "अरे, तुम कौन हो ? यहाँ गड्ढे में कैसे गिर गए ?"

भेड़िये ने कहा, "मैं कुत्ता हूँ। एक मुर्गे को बचाते–बचाते मैं खुद यहाँ गिर गया हूँ।"

मेमना था तो छोटा, पर था बहुत होशियार। उसकी माँ ने खतरनाक जानवरों के बारे में उसे खूब समझाया था। उसे भेड़िये की बात पर विश्वास नहीं हुआ।

मेमना बोला, "लेकिन तुम तो भेड़िये जैसे लगते हो।"

भेड़िया भी कम चालाक नहीं था। उसने कहा, "मेरी पूँछ देखो, कुत्ते की तरह हिल रही है कि नहीं?" यह कहकर भेड़िये ने मेमने को अपनी पूँछ हिलाकर दिखाई, फिर बोला, "अब जल्दी से मुझे बाहर निकाल लो, मैं कुत्ता ही हूँ।"

मेमने ने कहा, "पर तुम्हारा मुँह तो भेड़िये की तरह ही है। मुझे सोचने दो।" भेड़िये को इस बात पर गुस्सा आ गया। उसने अपना बड़ा सा मुँह फैलाकर मेमने को डाँटा, "बेवकूफ ! इसमें सोचने की क्या बात है ?"



उसके बड़े–बड़े नुकीले दाँत देखकर मेमना अच्छी तरह जान गया कि यह भेड़िया ही है।

उसने कहा, "हो तो तुम भेड़िया, पर धोखा देने के लिए कुत्ते की तरह पूँछ भी हिला सकते हो।" कहते हुए मेमना अपने घर की ओर तेजी से भाग चला।

अभ्यास

1. बताओ –

क. भेड़िया गड्ढे में कैसे गिरा होगा ?

ख. मेमने ने भेड़िये को बाहर क्यों नहीं निकाला ?

ग. मेमने ने कैसे जाना कि गड्ढे में भेड़िया है ?

2. इन जानवरों के छोटे बच्चों को क्या कहते हैं? लिखो –

भेड़	....	गाय	....
कुत्ता	....	भैंस	....

3. 'म' और 'भ' से शुरू होने वाले इन शब्दों को पूरा करो–

म	....	मि	....	मु	....
भ	....	भा	....	भे	....

4. नीचे दी गई कहानी को पूरा करो।

एक ....था। एक .... था। एक दिन दोनों जंगल से बाहर निकले। उनको .... मिला। .... ने कहा, "तुम कहाँ जा रहे हो ?" दोनों बोले, "हम शहर .... ।" तुम ....हमारे साथ .... । तभी एक .... आ गया। .... गुर्राया। तीनों दुम दबाकर .... ।

5. समान तुक वाले शब्दों का जोड़ा बनाओ–

पूँछ	हड़बड़	कुत्ता	बोला	डाँटना	तुम्हारा
गड़बड़	डोला	बाँटना	मूँछ	हमारा	पत्ता

1. अपनी पाठ्य–पुस्तक की कोई कविता सुनाओ।
2. नीचे दी गई कविता को पूरा करो –

   कोई नहीं हवा...

   खबरदार...

   बादल से ....

   क्यों जलधार ....

3. आँख, कान, नाक और जीभ के कार्य बताओ।
4. इन शब्दों को पढ़ो और लिखो –

   इकट्ठा, छप्पर, खट्टा, सब्ज़ियाँ, ट्रॉली, ट्रैक्टर, क्रम, जलधार

5. वाक्य पूरा करो –

   (क) हम जीभ से स्वाद ....।

   (ख) दादी माँ चावल ....।

   (ग) चाँद धरती का चक्कर ....।

6. वाक्य पूरा करो –

   (क) .... राष्ट्रीय पक्षी है।

   (ख) .... गड्ढे में गिर पड़ा।

   (ग) .... छत्ता बना रही थी।

7. अपने आस–पास पाए जाने वाले पशु–पक्षियों के नाम लिखो–

   ....

8. उनके नाम लिखो जो –

(क) मिट्टी के बर्तन बनाते हैं ....

(ख) कपड़ों की सिलाई करते हैं ....

(ग) मिठाइयाँ बनाते हैं ....

(घ) कुर्सी मेज बनाते हैं ....

9. बताओ, क्या होता यदि –

(क) अकेली मधुमक्खी छत्ता बनाती रहती ?

(ख) चाँद पर हवा–पानी होता ?

(ग) कई दिनों तक आसमान में सूरज न चमके ?

10. जगतपुर गाँव के बच्चों ने कौन–सा अच्छा काम किया ?

11. किसान ने क्या चतुराई की –

(क) जब भालू मारने झपटा।

(ख) जब भालू ने जमीन के ऊपर की फसल माँगी।

12. सब्ज़ियों के मुखौटे बनाकर 'कद्दू जी की बारात' कविता का कक्षा में अभिनय करो।

13. मेमना भेड़िये की बातों में क्यों नहीं आया ?

14. हमारे राष्ट्रीय प्रतीकों के नाम लिखो।

मुखौटे बनवाने में बच्चों का सहयोग करें एवं अभिनय कराएँ।